# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
## जिला–जशपुर (छ.ग.)

—:: प्रेस–विज्ञप्ति ::—

प.क्र./3609 /अंग्रेजी माध्यम/प्रत्यक्ष साक्षात्कार/2022–23 जशपुर दिनांक :–20/09/2022

# Walk In Interview

# प्रत्यक्ष साक्षात्कार

जिला जशपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा, जशपुर, पतराटोली, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल एवं पत्थलगावं हेतु संविदा भर्ती विज्ञापन प्रकाशन कर शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर गुगल डॉक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त कर पदवार/विषयवार शैक्षणिक योग्यता के कुल 90 प्रतिशत भारांश के आधार पर मेरिटक्रम में सूची जारी किया गया तथा कुल पदों के 07 गुणांक अभ्यर्थियों को मेरिट क्रमानुसार दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया एवं 5 गुणांक अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट क्रम के अनुसार नियुक्ति आदेश प्रदाय किया गया है। किन्तु निम्नांकित पदों एवं विषयों के लिए योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण इन पदों को भरा नहीं जा सका। अतः उन विषयों पर नियुक्ति हेतु संबंधित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति मनोरा, जशपुर, पतराटोली, कुनकुरी, फरसाबहार, कांसाबेल एवं पत्थलगांव द्वारा प्रत्यक्ष साक्षात्कार संकेतिक रूप से आयोजित की जा रही है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :-

**रिक्त पद का विवरण :–**

| क्र. | पद का नाम | वेतनमान | विषय | आरक्षरण वर्ग | SAGES (MANORA) | SAGES (JASHPU) | SAGES (PATRATOLI) | SAGES (KUNKURI) | SAGES (FARSABAHAR) | SAGES (KANSABEL) | SAGES (PATHALGAON ) | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | व्याख्याता | 38100/- | भौतिक | अना.(मुक्त) | 1 | 1 | – | – | 1 | – | 1 | 4 |
| | | | सामा. अध्ययन | अना.(मुक्त) | 1 | – | – | 1 | 1 | – | – | 3 |
| | | | वाणिज्य | अ.ज.जा. (मुक्त) | 1 | 1 | 1 | – | 1 | – | 1 | 5 |
| 2 | शिक्षक | 35400/- | अंग्रेजी (हिन्दी माध्यम) | अना.(मुक्त) | 1 | 1 | – | – | 1 | 1 | 1 | 5 |
| | | | विज्ञान | अना.(मुक्त) | – | 1 | – | – | – | – | – | 1 |
| | | | सामा. विज्ञान | अना.(मुक्त) | 1 | – | – | – | 1 | – | 1 | 3 |
| 3 | सहायक शिक्षक | 25300/- | सामाजिक विज्ञान | अना.(मुक्त) | 1 | – | 1 | 1 | 1 | – | 1 | 5 |
| | | | गणित | अना.(मुक्त) | – | 1 | – | – | – | – | – | 1 |

| क्र. | पद का नाम | वेतनमान | विषय | आरक्षरण वर्ग | SAGES (MANORA) | SAGES (JASHPU) | SAGES (PATRATOLI) | SAGES (KUNKURI) | SAGES (FARSABAHAR) | SAGES (KANSABEL) | SAGES (PATHALGAON ) | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | 35400/- | — | अना.(मुक्त) | 1 | 1 | — | — | 1 | — | 1 | 4 |
| योग | | | | | 7 | 7 | 2 | 2 | 7 | 1 | 6 | 31 |

## प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु नियम एवं शर्तें :–

### 1) न्यूनतम शैक्षणिक/व्यावसायिक/तकनीकी अर्हता :–

**1.1 व्याख्याता :–**

a) अंग्रेजी माध्यम के पदों के लिए स्कूली शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से उतीर्ण। हिन्दी माध्यम के पदों के लिए माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) की बाध्यता नहीं होगी।

b) **व्यावसायिक योग्यता** –बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा,

c) **शैक्षणिक योग्यता**–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से द्वितीय श्रेणी में आवेदित विषय में निम्नानुसार स्नातकोत्तर/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण :–

| स.क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | भौतिक | भौतिकी इलेक्ट्रॉनिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 2 | सामाजिक अध्ययन | अर्थशास्त्र /एप्लाइड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान/लोक प्रशासन/भूगोल/इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 3 | वाणिज्य | एकाउन्टेसी सहित वाणिज्य/कास्ट एकाउटिंग/फाइनेन्सियल एकाउन्टेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो। |

**1.2 शिक्षक :–**

a) अंग्रेजी माध्यम के पदों के लिए स्कूली शिक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी **अंग्रेजी माध्यम से उतीर्ण** होना अनिवार्य होगा।

b) **व्यावसायिक योग्यता** – बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नानुसार आवेदित विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण।

| स. क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | अंग्रेजी (हिन्दी माध्यम) | अंग्रेजी साहित्य स्नातक स्तर पर एक विषय रहा हो। |
| 2 | सामाजिक विज्ञान | इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र अथवा राजनीति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा। |
| 3 | विज्ञान | रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं भू–गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो। |

**1.3 सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) :–**

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से **अंग्रेजी माध्यम से** हाई स्कूल परीक्षा उतीर्ण।

b) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.एड. अथवा डी.एड. अथवा डी.एल.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

c) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से न्यूनतम 50% अंको के साथ बारहवीं (10+2) परीक्षा **अंग्रेजी माध्यम से** निम्नानुसार विषय समूह के साथ उतीर्ण होना अनिवार्य

| स.क्र. | विषय | विषय समूह/विशिष्ट विषय |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | गणित | गणित विषय समूह |
| 2 | सामा.विज्ञान | कला विषय समूह |

### 1.4 व्यायाम शिक्षक :-

a) आवेदक को मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से **अंग्रेजी माध्यम** में हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, तथा

b) **शैक्षणिक योग्यता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 50% अंकों के साथ स्नातक/समकक्ष परीक्षा उतीर्ण।

c) **व्यवसायिक योग्यता** – बी.पी.एड. अथवा एम.पी.एड. उतीर्ण अनिवार्य।

## 2) संविदा भर्ती हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-

i. **विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। पदों की संख्या घट, बढ़ अथवा विलोपित हो सकती है।**

ii. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है।

iii. व्याख्याता पद संवर्ग हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के आवेदक पात्र होंगे।

iv.

v. शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक पद के छत्तीसगढ़ राज्य के अभ्यर्थी उपस्थित हो सकते हैं किन्तु सरगुजा संभाग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी, सरगुजा संभाग के अभ्यर्थी नहीं मिलने पर अन्य जिला के अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

vi. सहायक शिक्षक पद हेतु केवल सरगुजा संभाग के अभ्यर्थी पात्र होंगे।

vii. संविदा भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य की जावेगी। **विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन समिति का निर्णय ही अंतिम व सर्वमान्य होगा।** नियुक्त अभ्यर्थी पर छ.ग. संविदा भर्ती नियम 2012 के अधीन समस्त नियम व शर्तें लागू होंगे।

viii. विज्ञापित पद पूर्णतः अस्थाई है। संविदा नियुक्ति की अवधि में नियोक्ता या नियुक्त अभ्यर्थी में से किसी भी पक्ष द्वारा 01 माह का वेतन या सेवा समाप्ति की पूर्व सूचना देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

ix. संविदा शिक्षक/कर्मचारियों के विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल व गंभीर स्थिति/प्रकरण में तत्काल उसे सेवा से पृथक किया जा सकेगा।

x. नियोक्ता समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रदर्शन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति में मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

xi. संविदा नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई प्रकृति की होगी एवं नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त वेतन के अतिरिक्त स्थाईकरण, नियमितिकरण, संविलियन, पेंशन या अन्य कोई सेवालाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।

xii. अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/चयन हेतु अपात्र किया जा सकेगा

xiii. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 सितम्बर 2022 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओं, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहीए।

xiv. इस विज्ञापन में पात्रता निर्धारण में शासन द्वारा निर्धारित समस्त् निर्देषों का पालन किया गया है, और आरक्षण नियमों का पूर्णतः पालन किया गया है।

## 3) चयन प्रक्रिया :-

**i. साक्षात्कार में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।**

**ii. आवेदन एवं चयन प्रक्रिया तथा रिक्त पदों के आरक्षण के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के लिये पृथक–पृथक मानव संसाधन (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) सेट–अप प्रत्येक विद्यालय को पृथक–पृथक ईकाई मानकर स्वीकृत किया गया है, जिसपर नियुक्ति का अधिकार संबंधित विद्यालय की प्रबंधन एवं संचालन समिति को दिया गया है। चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, कोविड–19 प्रोटोकॉल के पालन, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत प्रत्यक्ष साक्षात्कार लिये जा रहे हैं। न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के भारांश एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंको का योग कर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का कॉसिलिंग कर मेरिट के आधार पर प्राथमिकता क्रमानुसार विद्यालयों में पदस्थ किया जावेगा।**

**iii.** प्रतिक्षा सूची से नियुक्ति, पूर्णतः पदों की रिक्तता के आधार पर होगी।

**iv.** अंतिम एकीकृत मेरिट सूची शिक्षा सत्रांत 30.04.2023 तक वैद्य रहेगी।

**v.** संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुष्त राषि विज्ञापन में उल्लेखित अनुसार वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विषेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा। तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

**vi.** उक्त विज्ञापित पदों के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि अभ्यर्थियों को प्रत्यक्ष साक्षात्कार परीक्षा में शामिल होने हेतु व्यवसायिक योग्यता के प्राप्तांक को भारांश में शामिल नहीं किया जावेगा।

**vii. मेरिट सूची हेतु निम्नांकित तालिका अनुसार शैक्षणिक योग्यता का वेटेज प्रतिशत की गणना की जायेगी :-**

| कक्षा | पद संवर्ग | | |
|---|---|---|---|
| | सहायक शिक्षक पद संवर्ग | शिक्षक पद संवर्ग | व्याख्याता पद संवर्ग |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 10वीं | 30% | 10% | 10% |
| 12वीं | 60% | 30% | 10% |
| स्नातक | - | 50% | 30% |
| स्नातकोत्तर | - | - | 40% |
| **योग** | **90%** | **90%** | **90%** |

5). **अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा :-**

1. चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा।
2. चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगती पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

## दस्तावेज सत्यापन/ प्रत्यक्ष साक्षात्कार पदवार

| स. क्र. | पदनाम | विषय | दस्तावेज सत्यापन/प्रत्यक्ष साक्षात्कार की तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1 | व्याख्याता | भौतिक | 28.09.2022 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर (छ.ग.) |
| 2 | व्याख्याता | सामा.अध्ययन | 28.09.2022 | |
| 3 | व्याख्याता | वाणिज्य | 28.09.2022 | |
| 4 | शिक्षक | अंग्रेजी | 29.09.2022 | |
| 5 | शिक्षक | विज्ञान | 29.09.2022 | |
| 6 | शिक्षक | सामा. विज्ञान | 29.09.2022 | |
| 7 | व्यायाम शिक्षक | | 29.09.2022 | |
| 8 | सहायक शिक्षक | सामाजिक विज्ञान | 30.09.2022 | |
| 9 | सहायक शिक्षक | गणित | 30.09.2022 | |
| 10 | सहायक शिक्षक | हिन्दी | 30.09.2022 | |
| 11 | सहायक शिक्षक | अंग्रेजी | 30.09.2022 | |

अभ्यर्थी को अंग्रेजी माध्यम से अध्ययनरत होना अनिवार्य है तथा अभ्यर्थी द्वारा स्नातकोत्तर की उपाधि छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त किया हो, तथा बी.एड. की उपाधि प्राप्त किया हो। साक्षात्कार में सम्पूर्ण दस्तावेज की मूलप्रति के साथ **स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय** जशपुर में उपरोक्त समय-सारिणी अनुसार आयोजित प्रत्यक्ष साक्षात्कार में पात्र अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। साक्षात्कार के पूर्व सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु साक्षात्कार स्थल पर **12.00** बजे दोपहर तक उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। ताकि दस्तावेज सत्यापन कराया जा सके। दस्तावेज सत्यापन पश्चात केवल पात्र अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार में शामिल किया जायेगा। प्रत्यक्ष साक्षात्कार के नियम एवं शर्तें कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट **www.jashpur.nic.in** में देखा जा सकता है।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**

पृ. क्र./ 3610 /अंग्रेजी माध्यम/प्रत्यक्ष साक्षात्कार/ 2020–21 जशपुर दिनांक :–20.09.2022
प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, छ.ग. नवा रायपुर।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर छत्तीसगढ़।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर छत्तीसगढ़।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर छत्तीसगढ़।
6. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क जशपुर, जिला–जशपुर को सूचनार्थ एवं निःशुल्क स्थानीय दो समाचार पत्र में प्रकाशनार्थ हेतु।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, (NIC) जिला–जशपुर को सूचनार्थ उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जशपुर जिले की वेबासाईट पर अपलोड करने हेतु।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय,**
**संचालन एवं प्रबंधन समिति**
**जिला जशपुर (छ.ग.)**